भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय (प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)
जनसंदेश टाइम्स
Office of the Registrar (Press & Publicity Cell)

दिनांक : 10.04.2019

आईआईटी को शीर्ष 10 में लाने की तैयारी

वाराणसी। भारत सरकार के मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय, के नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क के तहत वर्ष 2019 की रैंकिंग जारी कर दी गई है। इसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू ने अपनी रैंकिंग में नौ रैंकिंग का सुधार करते हुए 11 वीं रैंक हासिल की है।

संस्थान के निदेशक प्रो.प्रमोद कुमार जैन ने बताया कि अगले वर्ष आईआईटी बीएचयू का एनआईआरएफ रैंकिंग में इंजीनियरिंग श्रेणी में शीर्ष दस में आने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि आईआईटी बीएचयू का टीचिंग, लर्निंग और रिसोर्स (टीएलआर) में 68.61 अंक, अनुसंधान, पेशेवर अभ्यास एवं सहयोगी प्रदर्शन (रिसर्च, प्रोफेशनल प्रैक्टिस और कोलेबोरेटिव पफार्मेंस) आरपीसी में 45.63 अंक, ग्रेजुएशन आउटकम (जीओ) में 77.36 अंक और आउटरीच व समावेशिता (आउटरीच एंड इन्कलिसिविटी - ओआई) में कुल अंक 53.16 हैं। पिछले वर्ष की तुलना में सभी श्रेणियों में इस वर्ष बढ़ोतरी हुई है।

पहल

आईआईटी बीएचयू ने किया लक्ष्य को तय

टीचिंग लर्निंग और शोध कार्य बढ़ाने पर बल

उन्होंने बताया कि रैंकिंग में और बेहतर लक्ष्य हासिल करने के लिए चार महत्वपूर्ण घटकों पर ध्यान रखना हमारा उद्देश्य है। जिसमें पहला है शैक्षणिक स्तर पूरी तरह अपडेट हो, ताकि पठन-पाठन के नए तौर-तरीकों को क्रियान्वित कर सकें। दूसरा, अनुसंधान, विकास और नवाचार पर जोर देना है।

तीसरा, प्रायोजित संसाधनों और परामर्श परियोजनाओं को बढ़ावा देना। इससे हमें अपनी बुनियादी सुविधाओं को और अपग्रेड करने में मदद मिलेगी। साथ ही नए स्टार्ट अप पर भी फोकस करना है। ताकि यहां के छात्र नौकरी खोजने के बजाय नौकरी देने वाले ज्यादा बन सकें।